प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा ज्वार एवं छोटे अनाजों की समीक्षा बैठक

पन्तनगर। 31 जुलाई 2024। विश्वविद्यालय के अखिल भारतीय समन्वित शोध परियोजना ज्वार एवं छोटे अनाजों की 5 वर्ष की समीक्षा बैठक (क्वीनक्यूनियाल रिव्यू मीटिंग) का आयोजन विश्वविद्यालय के नाहेप भवन में किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता डा. एस.एल. मेहता, पूर्व डीजी शिक्षा एवं पूर्व कुलपति महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर द्वारा की गई। इस बैठक के सदस्य डा. एन.के. वाजपेई, निदेशक शोध, बांदा कृषि विश्वविद्यालय बांदा, डा. गणेश मूर्ति डा. प्रभाकर एवं डा. माने रहे। भारतीय कदन्न शोध संस्थान हैदराबाद की तरफ से डा. आर. मधुसूदन, प्रोजेक्ट को ऑर्डिनेटर तथा डा. उमाकांत, प्रधान वैज्ञानिक एवं बैठक सचिव द्वारा बैठक को सुचारू रूप से संपन्न कराने में अमूल्य योगदान तथा तकनीकी सहयोग प्रदान किया गया। कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने अपने उद्घाटन भाषण में बैठक को सफल होने की शुभकामनाएं दी तथा पंतनगर केंद्र द्वारा किए गए कार्य की सराहना की। निदेशक शोध डा. अजीत नैन एवं अधिष्ठाता कृषि डा. एस.के. कश्यप ने भी अपने विचार प्रकट किया गया।

इस बैठक में अखिल भारतीय समन्वित शोध परियोजना ज्वार के पंतनगर हिसार तथा लुधियाना केंद्रों द्वारा ज्वार चार क्षेत्र में किए गए शोध कार्यों को प्रस्तुत किया वीर चंद्र सिंह गढवाली उत्तराखंड उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय के रानीचोरी केंद्र तथा जगदलपुर छत्तीसगढ़ केंद्र द्वारा कदन्न फसलों (स्मॉल मिलेट्स) में किए गए शोध कार्य को प्रस्तुत किया गया। अंत में इस बैठक में प्रतिभाग कर रहे सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद प्राध्यापक, पादप रोग विज्ञान विभाग तथा ज्वार परियोजना समन्वयक डा. योगेंद्र सिंह द्वारा दिया गया। इस बैठक में डा. पी.के. पांडे डा. क्रांति कुमार, डा. डी.के. शुक्ला एवं डा. आर.पी. मौर्या उपस्थित थे।

1. समीक्षा बैठक में मंचासीन कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान एवं अन्य अधिकारी।

निदेशक संचार